भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2759
उत्तर देने की तारीख : 22.12.2021

राजस्थान और पश्चिमी बंगाल में उत्कृष्टता संस्थान

2759 **डा. अभिषेक मनु सिंघवी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान और पश्चिमी बंगाल के लिए कौन से नए उत्कृष्टता संस्थानों का आवंटन किया गया है;

(ख) देश के कई राज्यों में राष्ट्रीय महत्व का एक भी प्रमुख चिकित्सा संस्थान नहीं होने के क्या कारण हैं; और

(ग) पश्चिमी बगाल में आज तक राष्ट्रीय महत्त्व का एक भी केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं होने के क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) सरकार ने वर्ष 2017 में विश्व स्तरीय संस्थाएं योजना शुरू की है और इस योजना के तहत गठित अधिकार प्राप्त विशेषज्ञ समिति (ईईसी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सिफारिशों के आधार पर दूसरे राज्यों के 09 अन्य शैक्षणिक संस्थानों के अलावा राजस्थान के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी को 'उत्कृष्ट समवत विश्वविद्यालय संस्थान' और पश्चिम बंगाल के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-खड़गपुर को 'उत्कृष्ट संस्थान' के रूप में अधिसूचित किया है।

(ख) और (ग) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एम्स अधिनियम 1956 के तहत राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं (आईएनआई) के रूप में स्थापित किया गया है। 19 राज्यों में कुल 22 एम्स स्वीकृत हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय विश्वभारती को राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया गया है।

*****